# अंधे कत्ल का पर्दाफाश, पांच आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मार्च।** अटेर क्षेत्र के ग्राम बढ़पुरी से बाजार के निकली एक महिला के गायब होने के तीसरे रोज उसका शव सुरपुरा क्षेत्र

**सुरपुरा क्षेत्र में जगंल के रास्ते में एक माह पूर्व प्लास्टिक की बोरी में मिला था महिला का शव**

के जंगल के रास्ते में बोरी में मिलने की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने आज खुलासा कर दिया। इस मामले में ग्राम बढ़पुरा के पांच आरोपियों को नामजद किया गया है। आरोपियों के द्वारा उक्त महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या करना स्वीकार किया गया है।

पुलिस टीम द्वारा अंधे कत्ल का पर्दाफाश किए जाने की जानकारी पत्रकारों को देते हुए उप पुलिस महानिरीक्षक पदेन पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने बताया इस सनसनीखेज वारदात को विभाग द्वारा चुनौतीपूर्ण मानते हुए कार्रवाई की गई है। बताया गया 16 फरवरी 2026 को बढ़पुरी गांव में अपने घर से बाजार के लिए निकली महिला जब वापस घर नहीं पहुंची तब उसके पिता द्वारा इसकी सूचना अटेर थाना पुलिस को दी गई तब पुलिस गुमशुदगी कायम कर ली गई थी।

18 फरवरी को दोपहर बाद करीब 4 बजे सुरपुरा थाना क्षेत्र में ग्राम सोई के हार में एक महिला के शव पड़े होने की सूचना मिलने पर अज्ञात महिला की लाश प्लास्टिक की बोरी में बरामद की गई। तब सुरपुरा थाना पुलिस ने मर्ग के तहत मामला दर्ज किया। जांच उपरांत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया गया।

**विशेष पुलिस दल का किया गया था गठन :** हत्या की इस सनसनीखेज वारदात की पतारसी के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. यादव द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठकके निर्देशन एवं अटेर के अनुविभागीय अधिकारी रविंद्र वास्कले के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। वरिष्ठ अधिकारी, एफएसएल टीम एवं डॉग स्कॉट द्वारा बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा भौतिक एवं तकनीकि साक्ष्यों एकत्रित किए गए। भौतिक एवं तकनीक साक्ष्य एवं साक्षियों के कथनों के आधार पर कुछ सदिग्धों को चिन्हित कर विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर 21 मार्च को दो व्यक्ति रायपुरिया हार व तीन व्यक्ति डिड़ोना वाली जग्गा गोरमी से पकड़े। टीम द्वारा इनसे बारीकी से पूछताछ की गई।

**एक ही गांव के हैं पांचों आरोपी :** इस मामले में जिन आरोपियों को नामदज किया गया है उनमें बड़पुरा निवासी सूरज शर्मा पुत्र कैलाश शर्मा, संजू उर्फ संजीव पुत्र रामगोविंद शर्मा, दिनेश शर्मा पुत्र रामअवतार शर्मा, हरिओम शर्मा पुत्र प्रेमनारायण शर्मा व अनिल उर्फ कल्लू बुधोलिया शामिल हैं। इनकी गिफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 10- 10 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। इस मामले में करीब 100 से अधिक लोगों से पूछताछ की गई। इन लोगों के खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज होना पाया गया।

### पूछताछ में स्वीकारा दुष्कर्म कर की हत्या

पूछताछ में मुख्य आरोपी ने बताया घटना के रोज अपने 4 अन्य साथियों के साथ अपने ग्राम बडपुरी के खेत पर पार्टी कर रहा था। पार्टी का कुछ सामान्य लेने मोटरसायकिल से प्रतापपुरा गए, वहां देखा कि महिला पैदल लौट रही है। तब उसके द्वारा अपने अन्य साथियों को बताया गया। इसके बाद सभी ने मिलकर महिल को पकड़ने की योजना बनाई और उसे पकड़कर सरसों के खेत में ले गए और दुष्कर्म कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसका शव एक प्लास्टिक की बोरी में घास- फूस के साथ सुरपुरा क्षेत्र में सोई के हार में फेंक दिया था। आरोपियों से वाहन, मृतक की पायल, चप्पल, श्रंगार सामग्री जब्त की गई है।

### खुलासे में थाना प्रभारियों की मशक्कत

इस मामले के खुलासे में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही थाना प्रभारी में अटेर निरीक्षक रामनरेश यादव, थाना प्रभारी फूप निरीक्षक सतेन्द्र राजपूत, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर, थाना प्रभारी उमरी निरीक्षक शिवप्रताप राजावत, थाना प्रभारी बरोही उनि अतुल भदौरिया, थाना प्रभारी नयागोव उनि वैभव तोमर, थाना प्रभारी उनि अरविन्द्र सिकरवार, उनि बृजेन्द्र तोमर, उनि रामशरण शर्मा, सउनि रघुवीर सिंह, सायबर सेल सउनि सत्यवीर सिंह, प्रमोद पराशर, महेश कुमार, सतेन्द्र यादव, त्रिवेन्द्र सिंह, अजय बघेल, अजय कुमार, अमित सेन, आनन्द दीक्षित, राहुल यादव, सुदीप तोमर, हृदेश यादव, राहुल शुक्ला, शैलेन्द्र शुक्ला, विकास यादव, शिवदयालय सिंह, मनीष पाराशर, अकित शर्मा, सन्तोष जाट, राहुल सिकरवार, शिवकुमार पलिया की सराहनीय भूमिका रही है।

## सीईओ ने जल संवर्धन कार्यों का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मार्च।** जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह चौहान ने रविवार को भिण्ड जिले के ग्राम सगरा एवं ककहारा में चल रहे जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएंए ताकि भूजल स्तर में वृद्धि हो और ग्रामीणों को पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके।

**जल जीवन मिशन के तहत चल रहा कार्य :** सीईओ ने बताया कि जल जीवन मिशन एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में तालाबों का गहरीकरण किया जा रहा है। ग्राम सगरा में गहरीकरण कार्य प्रगति पर है। ग्राम ककहारा में खुदाई कार्य तेज गति से जारी है। उन्होंने अधिकारियों एवं ठेकेदारों को चेतावनी दी कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्य तय मानकों के अनुरूप ही किए जाएं।

### ग्रामीणों ने जताई संतुष्टि, अहम पहल

निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने कार्य से संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि तालाब गहरीकरण से सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि होगी और आने वाले समय में जल की उपलब्धता बेहतर होगी। यह अभियान जिले में जल संकट से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे न केवल जल संग्रहण क्षमता बढ़ेगीए बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और दैनिक उपयोग के लिए पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित होगी।

# कार्यकर्ता संगठन सुदृढ़ करने का करें काम

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा वैचारिक एवं संगठनात्मक कौशल विकास के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन मालनपुर क्षेत्र में किया गया। यह प्रशिक्षण वर्ग रविवार को स्थानीय 719 हाईवे स्थित मानसरोवर होटल में संपन्न हुआ। जिसमें गोहद विधानसभा एवं मालनपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

चंबल संभाग प्रभारी डॉ. दीपक सिंह भदौरिया ने बताया कि दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण का औपचारिक शुभारंभ 21 मार्च को सुबह 10 बजे किया गया जो 22 मार्च सुबह 10 बजे तक चला। कुल 24 घंटे की अवधि में आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में आठ सत्र आयोजित किए गएए जिनमें अनुभवी वक्ताओं द्वारा समसामयिकए वैचारिक एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

मंडल अध्यक्ष उदय सिंह कुशवाह ने बताया कि मालनपुर मंडल के सभी पदाधिकारीए बूथ स्तर के कार्यकर्ता एवं शक्ति केंद्र के प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई थी। यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन की नींव को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रशिक्षण वर्ग में अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री लाल सिंहए पूर्व मंडी अध्यक्ष मेहताब सिंहए वरिष्ठ कार्यकर्ता कमल सिंह तोमरए पिंटू तोमरए रॉकी जैनए विनोद जैन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विनोद सिंह सिकरवार द्वारा किया गया।

# सांसद ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया लोकार्पण, मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मार्च।** क्षेत्रीय सांसद संध्या राय ने जनपद पंचायत अटेर के ग्राम रमा में 1.83 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक

**ग्राम रमा में स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती, एचपीवी टीकाकरण और टीबी उन्मूलन पर दिया विशेष जोर**

स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ॰ जेएस यादव] सरपंच रमा] पंचायत प्रतिनिधि] स्थानीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

लोकार्पण के दौरान सांसद संध्या राय ने कहा कि केंद्र एवं

राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। दूरस्थ इलाकों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में यह पीएचसी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और यह स्वास्थ्य केंद्र उसी संकल्प का साकार रूप है।

**एचपीवी टीकाकरण पर विशेष जोरत्न :** सांसद ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि 14-15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को यह वैक्सीन नि:शुल्क लगाई जा रही है। उन्होंने बताया कि भारत में हर वर्ष एक लाख से अधिक नए सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आते हैं और लगभग 80 हजार महिलाओं की इससे मृत्यु हो जाती है। यह कैंसर एचपीवी वायरस के कारण होता है जिसे समय पर टीकाकरण से रोका जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों का नि:शुल्क टीकाकरण अवश्य कराएं और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

**समय पर इलाज की आह्वान :** सांसद संध्या राय ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि यदि किसी में खांसी, बुखार, वजन कम होना या खून की उल्टी जैसे लक्षण दिखाई देंए तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं। यह नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का सशक्त केंद्र बनेगा और ग्रामीणों को बेहतरए सुलभ एवं समय पर उपचार की सुविधा प्रदान करेगा।

### टीबी उन्मूलन अभियान की जानकारी दी

सांसद ने टीबी (क्षय रोग) के प्रति जागरूकता बढ़ाते हुए कहा कि भारत में हर वर्ष लगभग 26 लाख नए टीबी के मामले सामने आते हैं। यह एक संक्रामक बीमारी हैए जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत मरीजों को निरूशुल्क जांच] दवाएं एवं पोषण किट उपलब्ध कराई जा रही हैं। डॉट्स योजना के माध्यम से 85 प्रतिशत से अधिक मरीज ठीक हो रहे हैं।

# गौरी सरोवर बना जनशक्ति का प्रतीक, कलेक्टर के नेतृत्व में श्रमदान अभियान

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मार्च।** जल संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल के रूप में भिंड के गौरी सरोवर पर कलेक्टर के

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनभागीदारी से बदली तस्वीर, जल संरक्षण का बना प्रेरक मॉडल**

नेतृत्व में विशाल श्रमदान कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे इस अभियान में अधिकारियोंए जनप्रतिनिधियोंए सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों की

सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है।

**जनभागीदारी से बदली सरोवर की तस्वीर:** सरोवर में फैली जलकुंभी को हटाने के लिए सामूहिक रूप से श्रमदान किया जा रहा है। लोगों ने कंधे से कंधा मिलाकर सरोवर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लियाए जिससे यह अभियान सामूहिक एकता और जनशक्ति का सशक्त उदाहरण बन गया है।

**कलेक्टर ने खुद संभाली कमान :** कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने स्वयं श्रमदान करते हुए जलकुंभी हटाने में सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होता हैए तो पर्यावरण संरक्षण जैसे बड़े लक्ष्य भी आसानी से हासिल किए जा सकते हैं।

**युवाओं की भागीदारी बनी खास आकर्षण :** अभियान में युवाओं की सक्रिय सहभागिता ने इसे और प्रभावी बना दिया। स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने पूरे उत्साह के साथ सरोवर किनारे जमा कचरे और जलकुंभी को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

### मॉडल के रूप में विकसित होगा अभियान

कलेक्टर की इस पहल से जो गौरी सरोवर कभी जलकुंभी से ढका हुआ था। वह अब स्वच्छता और जनसहभागिता का प्रतीक बन चुका है। जिला प्रशासन ने इस अभियान को मॉडल के रूप में अन्य जल स्रोतों पर भी लागू करने की योजना बनाई है।

### जन- जन से सहयोग की अपील

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण एवं स्वच्छता के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं ताकि भविष्य के लिए जल स्रोत सुरक्षित रह सकें और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा मिल सके।

# फरार आरोपी की गिरफ्तारी नहीं, पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

**भिंड, 22 मार्च।** जिले के मेहगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरौली



निवासी एक पीड़ित ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर एसपी डॉ. असित यादव से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहा है लेकिन पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

**घटना का विवरण :** पीड़ित नरेंद्र सिंह गौर ने एसपी डॉ. असित यादव को दिए आवेदन में बताया कि १९ नवंबर 2025 को दोपहर करीब 2 बजे वह मेहगांव से अपने गांव पिपरौली लौट रहा था। इसी दौरान गांव के ही योगेंद्र सिंह गौर उसे मिले और किसी कार्य के बहाने अपने साथ ले गए। पीड़ित के अनुसार आरोपी अपने साथ 306 बोर की बंदूक लिए हुए था। जब दोनों कोंहार और धनौती के बीच पहुंचे तो आरोपी ने बाइक रोककर गाली- गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

### मामला दर्ज, लेकिन गिरफ्तारी नहीं

घटना के संबंध में मेहगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। हालांकि पीड़ित का आरोप है कि घटना को करीब चार माह बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। आरोपी खुलेआम गांव में हथियार लेकर घूम रहा है तथा उस पर राजीनामा करने का दबाव बना रहा है। इतना ही नहीं पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही हैं जिससे परिवार भय के माहौल में रहा है।वह आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर 8 से 10 बार लिखित शिकायत दे चुके हैं लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला।

# लकड़ियों से चूल्हा जलाया, पकौड़ी तलकर लोगों को खिलाई

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मार्च।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा गैस सिलेंडर की अत्यधिक बढ़ती कीमतों और किल्लत के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया। गैस चूल्हे को नाली में डालकर जलाने का प्रयास

**गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और किल्लत के विरोध में अनोखा प्रदर्शन**

किया लेकिन गैस चूल्हा नहीं जला फिर लकड़ियों से चूल्हा जलाकर बेसन, पालक, धनिया, आलू, प्याज डालकर पकौड़ियां बनाकर उपस्थित लोगों और आसपास के कारोबारियों को खिलाई।

नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने बताया उक्त प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी शहर के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदोरिया के नेतृत्व में किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता अग्रसेन चौराहे पर एकत्र होकर गैस सिलेंडर छपे हुए एप्रिन पहनकर पैदल चलते हुए गांधी मार्केट पर पहुंचे। अंत में तहसीलदार भिंड रणजीत सिंह कुशवाह को ज्ञापन भी दिया गया।

### नेता बोले नाली में तो गैस नहीं बनी

जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदोरिया (पिंकी) ने कहा रसोई गैस की किल्लत भी हो रही है इससे आमजन परेशान है व्यापारी वर्ग के काम धंधे में उपयोग होने वाला व्यावसायिक सिलेंडर भी बाजार से गायब हो गया है बड़े- बड़े शहरों में रहने वाले लोग ग्रामीण क्षेत्र की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक सोपात सिंह जाटव, जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता डॉ राधेश्याम शर्मा, रामहर्ष सिंह कुशवाह, रेखा भदोरिया, संतोष त्रिपाठी, पान सिंह बाबूजी, अनिल भारद्वाज, हलीम पठान, स्मिता शर्मा, स्नेहलता जैन, मुकेश गर्ग, हिम्मत सिंह हरिऔध रामजीलाल शाक्य, बृजेंद्र सिंह भदोरिया मुन्ना, बलराम जाटव, चैतन्य शर्मा, आशुतोष शर्मा, वीरेंद्र यादव, जुग्गन दीक्षित, राजेंद्र यादव, प्रमोद जैन डब्बू, संजीव बरुआ, दर्शन सिंह तोमर, शैलेंद्र भदोरिया, शंकर जैन, बॉबी जैन, सुशांत सिंह, कुलदीप भारद्वाज, बिरजू यादव, देवेंद्र चतुर्वेदी, गोपाल मिश्रा, हरिशंकर तिवारी, सोहन तिवारी, दीपक शर्मा, पार्षद रामहेत शाक्य, पार्षद जद्दू खान, पार्षद शैलेंद्र सिंह, करण तोमर, राघवेंद्र कांकर, मुकेश सिंह वाराकल,ा राजवीर खन्ना, डॉ नरेंद्र शाह, वकील खान, शीला, सुखदेवी, रीता, संगीता बघेल, रिंकी बघेल, मिथलेश, अनिरुद्ध त्रिपाठी, ऋषिकेश शाक्य, देवेंद्र चतुर्वेदी, गोपाल मिश्रा, स्वदेश कुशवाहा, पार्षद पिंटू शर्मा, बॉबी तोमर, कोकसिंह आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# नई कार्यकारिणी ने लिया सेवा व एकता का संकल्प

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 22 मार्च।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अजितनाथ भिंड का शपथ विधि (संकल्प समारोह) शनिवार को व्यापार मंडल धर्मशाला लश्कर रोड भिंड में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के गणमान्य नागरिकों एवं पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष फेडरेशन, शपथ विधि अधिकारी आलोक जैन राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव झांसी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में चंबल रीजन अध्यक्ष अनुपम चौधरी उपस्थित रहे। इसके साथ ही अशोक कुमार जैन अतिशय क्षेत्र वल्लभपुर बरही न्यास अध्यक्ष एवं नरेश चंद्र जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

**दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ :** कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद कुमार द्वारा मंच उद्घाटन से हुआ। चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ समारोह की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष राजेश जैन ने की। शपथ विधि अधिकारी आलोक जैन द्वारा नवीन कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिसमें चौधरी मुन्ना प्रीति जैन को अध्यक्ष पदए निलेश सीमा जैन को कार्याध्यक्षए अजीत राखी जैन को सचिवए शैलू रूबी जैन को कोषाध्यक्षए सभी नव.निर्वाचित पदाधिकारियों एवं दांपत्य सदस्यों ने ग्रुप की अखंडताए एकता एवं समर्पण का संकल्प लिया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बढ़ाई शोभा :** कार्यक्रम में मंगलाचरण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने विशेष आकर्षण पैदा किया। कुमारी अनन्या एवं अवनी जैन द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। अतिथियों का स्वागत तिलकए पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष राजेश जैन ने अपने कार्यकाल के सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक राकेश जैन (बच्चू) ने आयोजन को सफल एवं प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों के लिए सामूहिक स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई जिसमें दांपत्य सदस्यों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

## एक नजर में

### देवेंद्र निगम मेहंगाव ब्लॉक अध्यक्ष एवं शर्मा गोरमी के उप ब्लॉक अध्यक्ष बने

**मेहगांव, 22 मार्च।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता देवेंद्र सिंह निगम को मेहगांव एवं संजीव कुमार शर्मा को पुन: उप ब्लॉक अध्यक्ष गोरमी बनाया गया है। नवनियुक्त मेहंगाव उप ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह निगम एवं गोरमी उप ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुमार शर्मा ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है,उसे वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाते हुए कांग्रेस की नीतियों,सिद्धांतो और संगठन की मजबूती के लिए संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य करेंगे। निगम के मनोनीत होने पर कांग्रेस नेताओं,कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

### खटीक समाज आज राष्ट्रपति के नाम सौंपेगा ज्ञापन

**मुरैना।** दिल्ली उत्तम नगर के जेजे कॉलोनी निवासी तरूण हत्या मामले में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिये खटीक समाज आज 23 मार्च सोमवार को विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेगा। अखिल भारतीय खटीक समाज मुरैना के जिलाध्यक्ष विशम्भर तारेटिया ने न्याय की इस लड़ाई में सकल हिन्दू समाज से सुबह 10 बजे नेहरू पार्क पर एकत्रित होकर मृतक तरूण और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिये सम्मिलित होने का आव्हान किया है द्य जहाँ से रैली के रूप में न्यू कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति क़े नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुये श्री तरेटिया ने बताया कि 4 मार्च को होली जैसे पवित्र सौहार्दपूर्ण जैसे त्यौहार को कुछ लोगों ने खूनी मातम में बदल दिया। एक बच्ची द्वारा होली खेलते हुये फेंका गया पानी का गुब्बारा मुस्लिम समुदाय को इतना नागवार गुजरा कि बच्ची के पूरे परिवार के साथ बेरहमी से मारपीट की और 26 वर्षीय तरूण को मौत के घाट उतार दिया।